web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 08 नवंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 40

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अमित शाह और जेपी नड्डा ने देशवासियों को दी छठ की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए देशवासियों को लोक पर्व छठ की शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, छठ पूजा के पावन त्यौहार की सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई। इस महापर्व पर हम भगवान सूर्य की उपासना करते हैं तथा प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। प्रकृति के देवी स्वरूप की यह पूजा हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रेरित करती है। मेरी प्रार्थना है कि यह पूजा हमारे राष्ट्र में सुख-शांति-समृद्धि का संचार करे।

### सलमान के बाद अब शाहरुख को मिली जान से मारने की धमकी, पुलिस ने दर्ज किया केस

**मुंबई (आरएनएस)।** सलमान खान को कई बार लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकी मिल चुकी हैं. वहीं अब खबर आ रही है कि बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान को भी जान से मारने की धमकी मिली है.

### अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में प्रतिनिधि सभा में 6 भारतीय-अमेरिकी चुने गए

**वाशिंगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के साथ निचले सदन प्रतिनिधि सभा और उच्च सदन सीनेट के लिए भी मतदान हुए हैं और इस बार प्रतिनिधि सभा में भारतीय-अमेरिकी कांग्रेसियों की संख्या बढ़ गई है।मौजूदा चुनाव में 6 भारतीय-अमेरिकी ने प्रतिनिधि सभा में सीटें हासिल की है, जिससे कांग्रेस में इनकी संख्या बढक़र 5 से 6 हो गई है।समोसा कॉकस के नाम से जाना जाने वाला सांसदों का यह समूह अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी समुदाय की शक्तिशाली आवाज बन गया है। प्रतिनिधि सभा के लिए कैलिफोर्निया से अमी बेरा और रो खन्ना, इलिनोइस से राजा कृष्णमूर्ति, वाशिंगटन से प्रमिला जयपाल, मिशिगन से श्रीथानेदार और वर्जीनिया से सुहास सुब्रमण्यम चुने गए हैं।सुहास के अलावा सभी पांचों को दोबारा चुना गया है। सुहास वकील हैं और उन्होंने 10वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट के लिए कड़े मुकाबले में रिपब्लिकन माइक क्लैंसी को हराया है।श्रीथानेदार दूसरी बार, राजा और रो खन्ना 5वीं बार जीते हैं। एरिजोना से अमीश शाह आगे हैं। वह जीत सकते हैं।

### डोनाल्ड ट्रंप ने की पीएम मोदी की जमकर तारीफ

**वाशिंगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव 2024 में डोनाल्ड ट्रंप ने शानदार जीत हासिल की है। जीत के बाद ट्रंप को दुनियाभर के नेताओं और हस्तियों से बधाई संदेश मिल रहे हैं। ऐसे में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के उन पहले नेताओं में हैं जिन्होंने फोन कॉल कर के डोनाल्ड ट्रंप को जीत की बधाई दी है। फोन पर बातचीत के दौरान अमेरिका के अगले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पीएम मोदी और भारत की जमकर तारीफ की है। आइए जानते हैं कि ट्रंप ने क्या कुछ कहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती रात एक्स पर जानकारी दी थी कि उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत की है। पीएम मोदी ने लिखा- मेरे मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई उन्हें उनकी शानदार जीत पर बधाई दी।

# पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के तहत मेधावी छात्रों को मिलेगा एजुकेशन लोन

## गरीब और मध्यम वर्ग बनेगा सशक्त

**नई दिल्ली । आरएनएस**




केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दिए जाने की सराहना की है। यह योजना केंद्रीय क्षेत्र के तहत मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम है।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने योजना को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि पीएम विद्यालक्ष्मी योजना भारत के प्रतिभाशाली युवाओं के लिए 21वीं सदी की उच्च शिक्षा तक पहुंच को यूनिवर्सल बनाने में मददगार होगी।

उन्होंने आगे कहा, 3,600 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ यह योजना उच्च शिक्षा में आने वाली बाधाओं को दूर करेगी और देश की युवा शक्ति को अपने सपनों को पूरा करने में सक्षम बनाएगी।

पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के तहत जमानत-मुक्त और गारंटर-मुक्त एजुकेशन लोन से मेधावी छात्रों के लिए उच्च शिक्षा तक पहुंच को आसान बनाया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि वित्तीय बाधाएं छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने से न रोकें।

जिन विद्यार्थियों की वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रुपये तक है, वे 10 लाख रुपये तक के एजुकेशन लोन पर 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान पाने के पात्र होंगे साथ ही वे 7.5 लाख रुपये तक के लोन पर 75 प्रतिशत क्रेडिट गारंटी के पात्र होंगे।

योजना को लेकर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एजुकेशन लोन पारदर्शी, छात्र-अनुकूल और डिजिटल आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

योजना के तहत एनआईआरएफ के आधार पर टॉप 860 उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाने वाले छात्रों को एजुकेशन लोन की सुविधा दी जाएगी। इस योजना से हर साल 22 लाख से अधिक छात्र लाभान्वित हो सकेंगे।

मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (नेशनल एजुकेशन पॉलिसी) 2020 की एक प्रमुख सिफारिश है। पीएम विद्यालक्ष्मी एनईपी इस ओर ओक ठोस कदम माना जा रहा है। पीएम विद्यालक्ष्मी योजना गरीब और मध्यम वर्ग के लाखों छात्रों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

योजना के तहत उच्च शिक्षा विभाग के पास एक पोर्टल 'पीएम-विद्यालक्ष्मी' होगा, जिस पर छात्र सभी बैंकों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से शिक्षा ऋण के साथ-साथ ब्याज अनुदान के लिए आवेदन कर सकेंगे।

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में मारा गया 1 आतंकवादी, हथियार और गोला-बारूद बरामद

**श्रीनगर । आरएनएस**



जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की ओर से चलाया जा रहा अभियान गुरुवार को समाप्त हो गया। इस दौरान 1 आतंकवादी मारा गया है।सेना के अधिकारियों ने बताया कि कुपवाड़ा जिले के लोलाब इलाके में छिपा आतंकवादी मारा गया है, जिसके पास से एक एके-47 राइफल, 2 हथगोले, 4 एके-47 मैगजीन, गोला-बारूद और अन्य युद्ध संबंधी सामान बरामद किया गया है।इलाके में सैन्य अभियान मंगलवार को शुरू हुआ था।

सेना के अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों के खिलाफ बांदीपोरा जिले के केटसुन जंगलों में एक अभियान चलाया जा रहा है, जो अभी जारी है। यहां एक आतंकवादी बुधवार को मारा गया है।जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद से लगातार आतंकी घटनाएं सामने आ रही हैं।खुफिया एजेंसियों का मानना है कि सीमा पार बैठा आतंकवादियों का समूह लोकसभा और विधानसभा चुनाव के शांतिपूर्ण निपटने से परेशान हैं।

श्रीनगर के खानयार इलाके में 2 नवंबर को दिन भर गोलीबारी के बाद लश्कर-ए-तैयबा का एक शीर्ष कमांडर मारा गया, जिसकी पहचान पाकिस्तान के उस्मान भाई उर्फ छोटा वलीद के रूप में हुई है।खानयार मुठभेड़ में 2 स्थानीय पुलिसकर्मी और 2 केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान घायल हो गए थे।बता दें, पिछले महीने ही आतंकवादियों ने गंदेरबल जिले के गगनगीर इलाके में सुरंग निर्माण में लगे 6 श्रमिकों और एक स्थानीय डॉक्टर की हत्या की थी।

# बंद पड़ी जेट एयरवेज की परिसंपत्तियां नीलाम होगी

❒ **सुप्रीम कोर्ट ने स्वामित्व हस्तांतरण को नामंजूर किया**

**नईदिल्ली । आरएनएस**



कोर्ट ने गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए बंद पड़ी जेट एयरवेज के लिक्विडेशन का आदेश दिया है। यानी कंपनी की परिसंपत्तियां नीलाम होकर ऋणदाताओं को दी जाएगी।भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने यह फैसला सुनाया।पीठ ने नेशनल कंपनी लॉ अपीलीय प्राधिकरण (एनसीएलटी) के उस फैसले को भी पलट दिया, जिसमें जेट एयरवेज के स्वामित्व को जालान-कलरॉक कंसोर्टियम (जेकेसी) को हस्तांतरित करने की अनुमति थी।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान अजीबोगरीब और चिंताजनक परिस्थिति को देखते हुए लिक्विडेशन का आदेश देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल किया।समाधान योजना 5 साल तक लागू न होने पर कोर्ट ने फैसला दिया है। जेकेसी की ओर से भुगतान की गई 200 करोड़ रुपये की राशि जब्त कर ली गई है। साथ ही कोर्ट ने एनसीएलटी की मुंबई पीठ को एक लिक्विडेटर नियुक्त करने का निर्देश दिया है।

जेट एयरवेज ने वित्तीय संकट के कारण 2019 में विमानों का परिचालन बंद कर दिया। इसके बाद दिवालिया समाधान योजना के तहत 2021 में जेकेसी ने इसे बोली लगाकर खरीदा, लेकिन ऋणदाताओं ने विवाद शुरू कर दिया।मामले में एनसीएलटी ने मार्च में समाधान योजना को बरकरार रख स्वामित्व जेकेसी को सौंपने की मंजूरी दी और एयरवेज के ऋणदाताओं को कंसोर्टियम द्वारा जमा 150 करोड़ रुपये समायोजित करने को कहा।इस पर एसबीआई समेत अन्य ऋणदाता सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए।

# पंचतत्व में विलीन हुई स्वर कोकिला शारदा सिन्हा, बेटे ने दी मुखाग्नि

**पटना । आरएनएस**



पटना के गुलबी घाट पर गुरुवार को मशहूर लोकगायिका शारदा सिन्हा पंचतत्व में विलीन हो गईं सुबह करीब 10.30 बजे पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बेटे अंशुमन सिन्हा ने मुखाग्नि दी। इस दौरान घाट पर शारदा सिन्हा अमर रहें और जय छठी मईया के जयकारे भी गूंजते रहे।

अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद लोगों की आंखों में आंसू थे। इस दौरान स्थानीय लोगों के साथ राजनेता और शारदा सिन्हा के परिवार के लोग भी मौजूद थे।

सुबह करीब पौने नौ बजे राजेंद्र नगर स्थित उनके आवास से अंतिम यात्रा निकली। बेटे अंशुमन ने मां की अर्थी को कंधा दिया। उनके साथ बीजेपी के पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, विधायक संजीव चौरसिया भी दिखे।

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार शाम शारदा सिन्हा के राजेन्द्र नगर स्थित घर पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचेंगे।

बता दें कि शारदा सिन्हा के निधन से करीब डेढ़ महीने पहले ही उनके पति ब्रजकिशोर सिन्हा का निधन हुआ था। इसे लेकर शारदा सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट भी शेयर की थी। पति का भी अंतिम संस्कार गुलबी घाट पर किया गया था और पद्मभूषण शारदा सिन्हा की भी अंतिम इच्छा यहीं पर पंचतत्व में विलीन होने की थी।

शारदा सिन्हा के बेटे अंशुमन सिन्हा ने बुधवार को कहा था कि शारदा सिन्हा के जाने से आज पूरा देश जानता है कि यह कितनी बड़ी क्षति है। शारदा सिन्हा जैसी दूसरी कोई हो नहीं सकती हैं। प्रभु ने जो चाहा वह हो गया है।

मशहूर लोक गायिका शारदा सिन्हा का मंगलवार की रात निधन हो गया था। वह 72 साल की थीं। कुछ दिन पहले बीमारी के कारण उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था। सोमवार (4 नवंबर) को तबीयत बिगड़ने पर उन्हें वेंटीलेटर पर शिफ्ट कर दिया गया था।

6 नवंबर को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकगायिका शारदा सिन्हा के पार्थिव शरीर के पटना आने के बाद कंकड़बाग स्थित उनके आवास पहुंचे और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। नीतीश कुमार ने इस दौरान शारदा सिन्हा के शोकाकुल परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया था। इससे पहले शारदा सिन्हा का पार्थिव शरीर दिल्ली से पटना लाया गया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा था कि बिहार कोकिला, पद्म श्री एवं पद्म भूषण से सम्मानित स्वर्गीय शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ होगा।

# यात्रियों से भरी चलती बस में ड्राइवर को आया हार्ट अटैक

❒ **सामने आया हैरान कर देने वाला वीडियो**

**बेंगलुरु । आरएनएस**




कर्नाटक के बेंगलुरु में यात्रियों से भरी चलती बस में ड्राइवर को हार्ट अटैक आ गया। बस बेंगलुरु मेट्रो ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन यानी बीएमटीसी की थी। हार्ट अटैक आने से 40 के चालक किरण कुमार का असामयिक निधन हो गया। बस चलाते समय उन्हें अचानक दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, आज बस चालक किरण कुमार नेलमंगला से दासनपुरा तक रुट 256 एम/1 पर वाहन संख्या केए 57 एफ-4007 को चला रहे थे। ड्यूटी पर रहते हुए किरण कुमार को अचानक दिल का दौरा पड़ा और वे गाड़ी चलाते समय गिर पड़े। बस कंडक्टर ओबलेश ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत बस को सुरक्षित तरीके से रोक दिया।

कंडक्टर ओबलेश ने जब देखा कि ड्राइवर गिर गए हैं तो उन्होंने तुरंत स्टेयरिंग संभाली और बस को रोड के किनारे लगा दिया। इससे बस में सवार सभी यात्रियों की जान बच गई और बड़ा हादसा होने से टल गया। इसके बाद ओबलेश ने ड्राइवर किरण कुमार को नजदीकी वी.पी. मैग्नस अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद किरण कुमार को मृत घोषित कर दिया। इस मामले की जानकारी ओबलेश ने सीनियर अधिकारियों को दी। साथ ही उसने मृतक के परिजनों को भी इसकी सूचना दी।

बस के सीसीटीवी फुटेज में ड्राइवर को अचानक गिरते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद उन्होंने बस को बाईं ओर मोड़ दिया और दूसरी बीएमटीसी बस को टक्कर मार दी। बस कंडक्टर ओबलेश ने वाहन को सुरक्षित तरीके से रोक दिया, जिससे बस में सवार यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई और किसी भी संभावित दुर्घटना को रोका जा सका। यह घटना सुबह 11 बजे हुई।

बीएमटीसी के अनुसार, बस में केवल 10 यात्री थे और बस के अंदर या सडक़ पर किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। बीएमटीसी के अधिकारियों ने बताया कि कुमार पूरी तरह स्वस्थ थे और उन्हें कोई बड़ी स्वास्थ्य समस्या नहीं थी। वास्तव में कंडक्टर और उनके अन्य सहयोगियों ने उन्हें दिन में भी फिट और सामान्य पाया। किरण कुमार हसन के मूल निवासी थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और 5 साल की बेटी है।

## साध्वी प्रज्ञा गंभीर रूप से बीमार, कोर्ट के वारंट पर कहा-जिंदा रही तो जरूर जाऊंगी

**मुंबई (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के भोपाल से बीजेपी की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को मुंबई की स्पेशल एनआईए कोर्ट ने जमानती वारंट जारी किया है. इसी बीच साध्वी प्रज्ञा ने एक्स पर एक पोस्ट कर कांग्रेस को घेरा है. उन्होंने लिखा कि कांग्रेस का टॉर्चर सिर्फ एटीएस कस्टडी तक ही नहीं, मेरे जीवन भर के लिए मृत्युदाई कष्ट का कारण हो गए. ब्रेन में सूजन, आंखों से कम दिखना, कानों से कम सुनना, बोलने में असंतुलन, स्टेरॉयड और न्यूरो की दवाओं से पूरे शरीर में सूजन, एक हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है. जिंदा रही तो कोर्ट अवश्य जाऊंगी.

बता दें कि मुंबई की एनआईए कोर्ट ने 2008 के मालेगांव ब्लास्ट मामले में प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ कार्रवाई में शामिल नहीं होने पर जमानती वारंट जारी किया है. कोर्ट के न्यायाधीश एके लाहोटी की तरफ से कहा गया कि मामले में अंतिम बहस रही है इसमें प्रज्ञा सिंह ठाकुर की उपस्थिति जरूरी है. इसलिए पूर्व सांसद के खिलाफ 10 हजार रुपये का जमानती वारंट जारी किया है. इस वारंट को 13 नवंबर तक वापस किया जा सकता है. इसके लिए प्रज्ञा सिंह ठाकुर को कोर्ट में पेश होना होगा और इसे रद्द करना होगा.

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 के प्रस्ताव को लेकर विधायकों के बीच हाथापाई

**जम्मू-कश्मीर । आरएनएस**

जम्मू-कश्मीर की विधानसभा में गुरुवार को अनुच्छेद 370 हटाने के विरोध में लाए गए प्रस्ताव को लेकर खूब हंगामा हुआ।इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों के बीच हाथापाई हुई और धक्का-मुक्की की गई। हंगामे का वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है।हंगामा इतना बढ़ गया कि मार्शलों को पहुंचकर बीच-बचाव कराना पड़ा। हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित की गई है। जेल में बंद लोकसभा सांसद इंजीनियर रशीद के भाई और विधायक खुर्शीद अहमद शेख विधानसभा में अनुच्छेद 370 पर बैनर लेकर आए थे, जिसे उन्होंने सदन में लहरा दिया।

इससे हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने इस पर आपत्ति जताई और उनके गुट के कुछ विधायकों ने बैनर छीन लिया, जिसको लेकर हाथापाई शुरू हो गई।बता दें, सदन के पहले दिन पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के विधायक अनुच्छेद 370 हटाने के खिलाफ प्रस्ताव लाए थे।

# देशभर में कड़ाके की सर्दी का इंतजार

**नईदिल्ली । आरएनएस**



देशभर में लोगों को कड़ाके की सर्दी के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। मौसम विभाग की मानें तो पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश के बाद अचानक से ठंड़ का असर तेज होगा।अभी 10-12 दिनों तक उत्तर भारत में मौसम शुष्क रहेगा। ऐसे में इस दौरान तापमान में गिरावट की संभावना कम है।अधिकांश राज्यों में केवल सुबह-शाम के वक्त हल्की सर्दी पड़ रही है, लेकिन दिन के वक्त धूप लोगों को परेशान कर रही है।

अन्य दिनों की तरह दिल्ली में आज सुबह स्मॉग और हल्का कोहरा छाया रहा और रात के समय भी ऐसा ही मौसम देखने को मिल सकता है। साथ ही अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम 17 डिग्री तक रहने के आसार हैं।8-12 नवंबर के बीच भी तापमान में कोई ज्यादा बदलाव आने की उम्मीद नहीं है।अधिकतम तापमान 32-33 डिग्री और न्यूनतम 16-17 डिग्री के बीच रह सकता है। राजधानी में 10 से 12 नवंबर तक धुंध रह सकती है।

उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में सुबह और शाम हल्की-हल्की ठंड का अहसास हो रहा है। इन राज्यों में आज तापमान 31-32 डिग्री के बीच रह सकता है, जबकि न्यूनतम 16-17 डिग्री तक रहने की संभावना है।दूसरी तरफ मानसून देशभर से विदा ले चुका है, लेकिन कुछ दक्षिण राज्यों में अभी भी बारिश हो रही है।मौसम विभाग के अनुसार, आज भी केरल, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, तमिलनाडु, पुदुचेरी और कराईकल में भारी बारिश हो सकती है।

# ओआरओपी के एक साल, पीएम मोदी बोले लाखों पेंशनधारकों को हुआ लाभ

**नई दिल्ली । आरएनएस**



दिन 10 साल पहले केंद्र की मोदी सरकार ने वन रैंक वन पेंशन(ओआरओपी) लागू की थी। पीएम ने इस ऐतिहासिक दिन को याद करते हुए बताया कि लाखों पेंशनधारकों को फायदा पहुंचा है।

आज इसे लागू हुए पूरे 10 साल हो चुके हैं। वन रैंक वन पेंशन को लेकर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, इस दिन वन रैंक वन पेंशन लागू किया गया। यह हमारे दिग्गजों और भूतपूर्व सैन्यकर्मियों के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि थी।

जिन्होंने हमारे देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसे लागू करने का निर्णय लंबे समय से चली आ रही मांग को संबोधित करने और हमारे नायकों के प्रति हमारे राष्ट्र की कृतज्ञता की पुष्टि करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। आप सभी को यह जानकर खुशी होगी कि पिछले एक दशक में लाखों पेंशन धारकों और उनके परिवारों को इस ऐतिहासिक पहल से लाभ मिला है। संख्याओं से परे, ओआरओपी हमारे सशस्त्र बलों की भलाई के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है।

हम हमेशा अपने सशस्त्र बलों को मजबूत करने और हमारी सेवा करने वालों के कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सशस्त्र सेनाओं के प्रति नीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है। उनके नेतृत्व में सरकार सैनिकों और उनके परिवारों की देखभाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। ओआरओपी के क्रियान्वयन से 25 लाख से अधिक भूतपूर्व सैनिकों को लाभ मिला है। देश के भूतपूर्व सैनिकों से की गई प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार।

भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, जैसा कि हम वन रैंक वन पेंशन की वर्षगांठ मना रहे हैं। एक ऐतिहासिक सुधार जो पिछले एक दशक से हमारे दिग्गजों को सम्मानित और उत्थान करता आ रहा है। ओआरओपी ने सुनिश्चित किया है कि समान रैंक और सेवा अवधि वाले सशस्त्र बल कर्मियों को उनकी सेवानिवृत्ति तिथि की परवाह किए बिना समान पेंशन मिले। इस क्रांतिकारी सुधार से 25 लाख से अधिक सशस्त्र बल पेंशन धारकों और उनके परिवारों को लाभ हुआ है। पिछले 10 वर्षों में भारत सरकार ने वन रैंक वन पेंशन पर 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। हर 5 साल में पेंशन को फिर से तय किए जाने के साथ, हमारे नायकों के प्रति यह प्रतिबद्धता समय के साथ मजबूत होती जा रही है।